PART - I

Paper Code

**P-4**

93420

| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| UNIT 1 - A | 50 | 33 |
| UNIT 1 - B | 50 | 21 |
| UNIT 1 - C | 20 | 5.5 |
| UNIT 2 - A - A | 10 | 6 |
| UNIT 2 - A - B | 2 | 1 |
| UNIT 2 - A - C | 2 | 0 |
| UNIT 2 - A - D | 2 | 2 |
| UNIT 2 - A - E | 2 | 2 |
| UNIT 2 - A - F | 2 | 1 |
| UNIT 2 - B - A | 10 | 2.25 |
| UNIT 2 - B - B | 10 | 6.5 |
| UNIT 2 - B - C | 10 | 4.5 |
| UNIT 2 - C | 30 | 14.5 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 99.25 |
| Total Obt. Marks in Words | | Ninety Nine+ ¼ |

**ation of the candidate shall be**
**idate will be liable-**
**Name, Address, Roll Number,**

**juestions.**
ादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

: number of pages) then bring it
ble for that.
; तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

**Ball Point Pen** before answering.
Cover Sheet (OMR sheet).
नीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

g details have to be filled by the

ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

marks are indicated in each unit

यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
ish versions of the question, the

रूपान्तर मान्य होगा।
guage and script, unless directed

े दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

vers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
ं नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
y other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ो इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
f any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
**रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की**
ाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

didate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
e examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
पूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा**।

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER-IV : GENERAL HINDI & GENERAL ENGLISH

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 56 + 34 = 90**

**यूनिट – I** **(120 अंक)**

**सामान्य हिन्दी**

**भाग – अ** **अंक : 50**

**नोट :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) भाग – अ के सभी प्रश्नों के लिए 1-1 अंक, भाग – ब के सभी प्रश्नों के लिए 10-10 अंक एवं भाग – स के प्रश्न के लिए 20 अंक निर्धारित हैं।

1. संधि कीजिए :

समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि

1(One)
(Q.H-01)

2. संधि कीजिए :

परि + छेद = परिच्छेद

1(One)
(Q.H-02)

3. संधि-विच्छेद कीजिए :

कुशासन = कुश + आसन

1(One)
(Q.H-03)

4. संधि-विच्छेद कीजिए :

अन्वेषण = अनु + एषण

1(One)
(Q.H-04)

1(One)
(Q.H-05)

5. संधि–विच्छेद कीजिए :

महौदार्य =

महा + औदार्य

1(One)
(Q.H-06)

6. संधि–विच्छेद कीजिए :

वागीश =

वाक् + ईश

7. निम्नलिखित उपसर्ग के योग से दो शब्द बनाइए :

1(One)
(Q.H-07)

नि =

नियम, न्याय (नि + आय)

8. निम्नलिखित उपसर्ग के योग से दो शब्द बनाइए :

भर =

भरपेट, भरसक

1(One)
(Q.H-08)

9. निम्नलिखित शब्द से उपसर्ग पृथक् कीजिए :

पर्याप्त =

'परि' + आप्त

1(One)
(Q.H-09)

10. निम्नलिखित शब्द से उपसर्ग पृथक् कीजिए :

सद्गुरु = सत् + गुरु

1(One)
(Q.H-10)

11. निम्नलिखित प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाइए :

ल = कुशल , श्यामल

0.5(Zero½)
(Q.H-11)

12. निम्नलिखित प्रत्यय के योग से दो शब्द बनाइए :

या = स्वकीया, परकीया

0 (Zero)
(Q.H-12)

13. निम्नलिखित शब्द से प्रत्यय पृथक् कीजिए :

पाथेय = पथ+एय

1(One)
(Q.H-13)

14. निम्नलिखित शब्द से प्रत्यय पृथक् कीजिए :

करणीय = कृ+ अनीय

1(One)
(Q.H-14)

15. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

यमुना = अर्कजा, तरणितनया

0.5(Zero½) (Q.H-15)

16. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

मछली = मीन, मत्स्य

1(One) (Q.H-16)

17. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

उद्देश्य = ध्येय, प्रयोजन

1(One) (Q.H-17)

18. निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची लिखिए :

अनशन = उपवास, भूखहड़ताल

1(One) (Q.H-18)

19. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

शालीन = × अभद्र

0 (Zero) (Q.H-19)

20. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

गत = अगत ✗

0 (Zero) (Q.H-20)

21. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

अज्ञ = ✓

विज्ञ

1(One) (Q.H-21)

22. निम्नलिखित शब्द का विलोम लिखिए :

आर्ष = अनार्ष ✓

1(One) (Q.H-22)

23. निम्नलिखित शब्द-युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

अरथी – अर्थी = अर्थी - इच्छा रखने वाला

अरथी शवशैय्या ✗

0 (Zero) (Q.H-23)

24. निम्नलिखित शब्द-युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए : ✓

सर्ग – स्वर्ग = सर्ग - रचना / पाठ

स्वर्ग - देवलोक

1(One) (Q.H-24)

25. निम्नलिखित शब्द–युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

कृपण – कृपाण = कृपण - कंजूस
कृपाण - छोटी तलवार

0 (Zero)
(Q.H-25)

26. निम्नलिखित शब्द–युग्म का अर्थगत अंतर स्पष्ट कीजिए :

अभिराम – अविराम = अभिराम - सुंदर
अविराम - निरंतर / बिना रुके

1(One)
(Q.H-26)

27. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

किसी उक्ति को दोहराना = पिष्टपेषण

0 (Zero)
(Q.H-27)

28. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

व्याकरण–शास्त्र का ज्ञाता = वैयाकरण

1(One)
(Q.H-28)

29. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

बच्चों से लेकर बूढ़ों तक = आबालवृद्ध

1(One)
(Q.H-29)

30. निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द लिखिए :

दूसरे का मुँह जोहने वाला =

परमुखापेक्षी

1(One) (Q.H-30)

31. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

लब्धप्रतिष्ठीत =

लब्ध-प्रतिष्ठ

0 (Zero) (Q.H-31)

32. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

अक्षुण्य =

अक्षुण

1(One) (Q.H-32)

33. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

मिष्ठान्न =

मिष्टान्न

1(One) (Q.H-33)

34. निम्नलिखित शब्द का शुद्ध रूप लिखिए :

अहिल्या =

अहल्या

1(One) (Q.H-34)

35. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

मक्खियाँ मधु कोष से निकालती हैं।

मधुमक्खियाँ मधु कोष से निकालती हैं।

× 0 (Zero) (Q.H-35)

36. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

शान्तिकाल में सैनिकों को भुलाया नहीं जाएगा।

शांतिकाल में सैनिकों के योगदान को नहीं भुलाया जाएगा।

× 0 (Zero) (Q.H-36)

37. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा पकड़ा गया।

अश्वमेध का घोड़ा पकड़ा गया।

1(One) (Q.H-37)

38. निम्नलिखित वाक्य को शुद्ध कीजिए :

वह पेट के लिए नाक घिसता फिरता है।

वह पेट के लिए नाक रगड़ता फिरता है।

1(One) (Q.H-38)

39. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

तीन–तेरह करना =

भ्रष्टाचारी राजनेताओं व कामचोर नौकरशाहों ने भारतीय प्रशासन व व्यवस्था को तीन-तेरह कर दिया है।

× 0 (Zero) (Q.H-39)

40. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

आँखों में खून उतरना =

चीनी सैनिकों द्वारा अपने साथी सैनिकों पर हुए हमले को देखकर भारतीय सैनिकों की आँखों में खून उतर आया व उन्होंने भी भरपूर जवाब दिया।

1(One) (Q.H-40)

41. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

बुलबुल पालना =

रमेश भी अजीब व्यक्ति है तरह-तरह के शौक रखता है आजकल उसने टिकिट संग्रहण करने की बुलबुल पाल रखी है।

0 (Zero) (Q.H-41)

42. निम्नलिखित मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

नाम चमकना =

रियो-2021 से पूर्व नीरज चोपड़ा को बहुत कम लोग ही जानते थे लेकिन स्वर्णपदक जीतने के बाद उनका नाम चमकने लगा।

0.5(Zero½) (Q.H-42)

43. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

ख़रबूज़े को देखकर ख़रबूज़ा रंग बदलता है ।

1(One) (Q.H-43)

रमेश का चचेरा भाई मुँहफट था, बड़ों से विनम्रता से बात नहीं करता था, उसकी संगत में रहकर रमेश भी उद्दण्ड हो गया है, सच ही है, खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है।

44. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

नाचे–कूदे बानरा, माल मंदारी खाय ।

चुनावों के समय कार्यकर्ता नेताओं का खूब प्रचार करते हैं लेकिन नेता उनकी भलाई के बजाय अपनी झोली भरने का काम करते हैं इसलिए तो कहते हैं नाचे-कूदे बानरा, माल मदारी खाय।

0.5(Zero½) (Q.H-44)

45. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

खाक डाले चाँद नहीं छिपता ।

महात्मा गाँधी की अच्छाइयाँ तो सर्वविदीत है, तुम चाहे कितनी भी बुराई कर लो, खाक डाले चाँद नहीं छिपता।

1(One) (Q.H-45)

46. निम्नलिखित लोकोक्ति का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए :

बोवै पेड़ बबूल का आम कहाँ से पाय ।

जब तुमने पढ़ाई करने के समय मौज-मस्ती की, स्कूल से अनुपस्थित रहे तो अब तुम अच्छे परिणाम की आशा क्यों कर रहे हो, जब बौवे पेड़ बबूल का आम कहाँ से पाय।

0 (Zero) (Q.H-46)

47. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :

HEREDITARY =

वंशानुगत

0 (Zero) (Q.H-47)

48. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :
CONSIGNMENT =
संप्रेषण सामग्री ×

0 (Zero)
(Q.H-48)

49. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :
LEXICOGRAPHY =
शब्दकोश निर्माण ×

0 (Zero)
(Q.H-49)

50. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्द का समानार्थक हिंदी पारिभाषिक शब्द लिखिए :
NON-FORMAL EDUCATION =
अनौपचारिक शिक्षा

1(One)
(Q.H-50)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

यूनिट – I / भाग – ब

अंक : 50

51. निम्नलिखित अवतरण का उचित शीर्षक देते हुए लगभग एक-तिहाई शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए : **अंक 10**

पानी के बहाव की गति में कमी होने के कारण वन अपरदन को बहुत कुछ रोकते हैं। पेड़-पौधों की जड़ों द्वारा मिट्टी को पकड़े रहने के कारण भी अपरदन में बहुत कमी हो जाती है। वनों से मिट्टी की उर्वरता बढ़ जाती है। कार्बनिक पदार्थों के सड़ने-गलने से वानस्पतिक पदार्थ मिट्टी में मिल जाते हैं, जिससे मिट्टी में ह्यूमस की मात्रा बढ़ जाती है। वानस्पतिक पदार्थों में अकार्बनिक खाद भी रहती है, जो मिट्टी में मिल जाती है। यह खाद वस्तुतः पेड़-पौधों की जड़ों द्वारा बहुत गहरी मिट्टी से लाकर पत्तियों में इकट्ठा होती है, जिनके सड़ने पर वह पुनः सतह की मिट्टी में मिलकर उसकी उर्वरता को बढ़ाती है। वनों का स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। वनों की वायु शुद्ध रहती है तथा उसमें धुआँ, हानिकारक गैसें और धूल के कण बहुत कम रहते हैं। यहाँ की वायु में जीवाणु भी तेईस से अट्ठाईस प्रतिशत कम रहते हैं। ये पेड़-पौधों की पत्तियों द्वारा छन जाते हैं और सूर्य की धूप से नष्ट हो जाते हैं। यह देखा गया है कि वनों के निकट गाँवों में हैज़ा और टायफाइड ज्वर बहुत कम होता है। यही कारण है कि सैनिकों के शिविर जंगलों के आसपास ही स्थापित किये जाते हैं।

→ शीर्षक: 'वनों का महत्व'

2(Two)
(Q.H-51)

→ वन ~~वायु बहाव~~ को धीमा करके अपरदन को रोकते हैं। वन मृदा अपरदन को कम, ह्यूमस की मात्रा बढ़ाके मृदा उर्वरता में वृद्धि करते हैं। ये गहराई से पोषक तत्वों का अवशोषण कर मृदा सतह पर उनकी मात्रा को बढ़ाते हैं। वन वायु शुद्धीकरण करने के कारण स्वास्थ्यप्रद होते हैं। वनों में जीवाणु गुणा होने के कारण इनके समीप निवास करने वालों में हैजा व टायफाइड रोग कम होते हैं इसी कारणवश इनके निकट छावनियाँ स्थापित की जाती हैं।

3.5(Three½)
(Q.H-51)

52. निम्नलिखित का भाव विस्तार कीजिए : (शब्द सीमा : लगभग 100 शब्द) अंक 10

4(Four)
(Q.H-52)

"मित्रता की कसौटी विपत्ति है ।"

"धीरज धर्म मित्र अरु नारी, आपद काल परखिये चारी ।।"
महाकवि तुलसीदास की यह पंक्ति यह दर्शाती है कि आपत्ति के काल में ही सच्चे मित्र की पहचान होती है।

सुखकाल में तो साथ देने वाले सैकड़ों मिल जाते हैं लेकिन वास्तविक मित्र की पहचान तो विपत्ति के काल आने पर ही होती है।

महाभारत कालीन बात करें तो कृष्ण-अर्जुन की मित्रता की बात आती है, कृष्ण के द्वारा वनवास के समय से लेकर महाभारत के महासंग्राम में भी अर्जुन का साथ दिया गया और उसका सारथि बनकर उस संकट से बाहर निकाला। इसी के साथ कर्ण और दुर्योधन की मैत्री का जिक्र होता है कर्ण को अपने गलत पक्ष में होने का अहसास था किंतु वह दुर्योधन को अपना मित्र मानता था इस कारण मित्रता हेतु कर्ण ने सर्वोच्च बलिदान दिया।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों की बात करें तो वहाँ अवसरवादी व मुद्दा आधारित समर्थन की बात चलती है कि कोई किसी का स्थायी मित्र और शत्रु नहीं है किंतु

सोवियत रूस और भारत के संदर्भ में मैत्री की बात होती है चूंकि भारत के स्वतंत्रता पश्चात के संक्रमण कालीन दौर में सोवियत एक सच्चे मित्र की भांति साथ खड़ा रहा।

सुख के समय तो चापलूस भी साथ रहते है किंतु बुरा वक्त आने पर ऐसे व्यक्ति सबसे पहले किनारा करते है।

विपरीत परिस्थितियों में ही सही मित्र व उसकी मित्रता की परीक्षा हो पाती है अतः यह कहा जा सकता है कि मित्रता की कसौटी विपत्ति ही है।

53. केन्द्र सरकार द्वारा प्रवर्तित आयुष्मान् भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 'निरामयम' से अधिकतम नागरिक लाभान्वित हो सकें, इस हेतु अधिकाधिक आयुष्मान् भारत कार्ड बनाने के लिए के. कुमार, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य मंत्रालय, नयी दिल्ली की ओर से श्री पी. सिंह, सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर को एक अर्द्धशासकीय पत्र लिखिए। अंक 10

भारत सरकार

के. कुमार — संयुक्तसचिव कार्यालय

संयुक्तसचिव — स्वास्थ्य मंत्रालय

दूरभाष नं. ।।।।।। — दिनांक- 2 जुलाई, 2024

अ.शा.प.क्र.-५(1)/स्मं/2024/।।।

विषय - अधिकाधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु

संदर्भ - कार्यालय का पूर्व पत्र क्रमांक - ५(1)/स्मं/2024/107

प्रिय श्री पी. सिंह,

उपर्युक्त विषय एवं संदर्भान्तर्गत मैं आपका ध्यान कार्यालय के उपर्युक्त पत्र की ओर आकृष्ट करवाना चाहूंगा जिसमें मैंने आपको आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन एवं इससे आम नागरिकों के कल्याण हेतु अधिकाधिक आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु लिखा था एवं इसकी क्रियान्वयन की सूचना भी मंत्रालय को भेजने हेतु निर्देशित किया था। किंतु खेद का विषय है कि आदिनांक ऐसी सूचना

अप्राप्त है। मैं आपको गांधी के जंतर की याद दिलाना चाहूंगा जिसके तहत उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति हेतु प्रयास करने को कहा गया था।

स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भारत में गरीबी का सबसे बड़ा कारण है और यह योजना उस समस्या को संबोधित करती है। आप जैसे कर्मठ प्रशासक को जनहित हेतु इस कार्यक्रम को प्राथमिकता से पूरा करवाया जाना चाहिए। इस संदर्भ में मेरे किसी सहयोग की आवश्यकता हो तो निःसंकोच आप मेरे दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

सद्भावी

के. कुमार

संयुक्त सचिव

श्री पी. सिंह

सचिव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

राजस्थान सरकार।

—x—x—x—x—

(टिप्पणी: रेखांकित शब्द ठीक न होकर लेखक द्वारा हस्तलिखित है।)

3.5(Three½)

(Q.H-53).

?

54. सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर की ओर से जारी अधिसूचना का प्रारूप निर्मित कीजिए, जिसमें घूघरा घाटी, अजमेर में अस्थायी थाना सृजित किये जाने का उल्लेख हो। अंक 10

राजस्थान सरकार
गृह विभाग, शासन सचिवालय
जयपुर।

क्रमांक- प(1)/गृ वि/थाना/2024/1010 दिनांक 21 जुलाई, 2024

अधिसूचना

विषय। घूघरा घाटी, अजमेर में अस्थायी थाना सृजित करने हेतु।

राज्यपाल महोदय की आज्ञा से, राजस्थान पुलिस स्थापन अधिनियम 1957 की धारा 5, उपधारा 'ख' में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए घूघरा घाटी अजमेर में अस्थायी थाना सृजित किया जाता है।

यह अधिसूचना दिनांक 16 अगस्त से आगामी संशोधन तक लागू रहेगी।

यह आदेश सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

क ख ग
(क ख ग)
सचिव
गृह विभाग

क्रमांक- प(1)/गृवि/थाना/2024/1017-26 दिनांक- 2 जुलाई, 2024

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है -

1. निजी सचिव, राज्यपाल महोदय, जयपुर।
2. निजी सचिव, मुख्यमंत्री महोदय, जयपुर।
3. वित्त शासन सचिव, वित्त मंत्रालय, जयपुर।
4. पुलिस महानिदेशक राजस्थान।
5. निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग।
6. अधीक्षक, राजकीय केंद्रीय मुद्रणालय जयपुर को भेजकर लेख है कि इस अधिसूचना को राजस्थान के राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशित करवाकर इसकी सॉफ्ट कॉपी ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करें।
7. रक्षित पत्रावली।

क ख ग

(क ख ग)

सचिव

गृह विभाग

4(Four)
(Q.H-54)

55. निम्नलिखित अनुच्छेद का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : अंक 10

Each individual creature on this beautiful planet is created by God to fulfil a particular role. Whatever I have achieved in life is through His help, and an expression of His will. He showered His grace on me through some outstanding teachers and colleagues, and when I pay my tributes to these fine persons, I am merely praising His glory. All these rockets and missiles are His work through a small person called Kalam, in order to tell the several-million mass of India to never feel small or helpless.

इस खूबसूरत ग्रह पर
भगवान द्वारा प्रत्येक जीव एक निश्चित भूमिका हेतु बनाया गया है।
मैंने जीवन में जो कुछ भी प्राप्त किया है वह उसकी
सहायता से ही प्राप्त किया है एवं उसकी इच्छा का प्रतीक
है। उसने अपनी कृपा कुछ असाधारण शिक्षकों व सहकर्मियों
के माध्यम से मुझ पर बरसायी है और जब मैं
उन महान लोगों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, मैं महज
उसकी महानता की प्रशंसा कर रहा होता हूँ।
ये सारे रॉकेट्स व प्रक्षेपास्त्र एक व्यक्ति जिसे 'कलाम'
छोटे-से
कहते हैं के माध्यम से उसी के कार्य हैं ताकि
भारत की कई दशियों लाख जनता को यह बताया जा सके
कि कभी छोटा या असहाय महसूस मत करो।

4(Four)
(Q.H-55)

यूनिट – I / भाग – स अंक : 20

56. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (शब्द सीमा : लगभग 250 शब्द) अंक 20

(1) राजस्थान की खनिज सम्पदा

(2) राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास

(3) प्रौद्योगिकी से मानव-शक्ति का विस्थापन

'राजस्थान की खनिज संपदा'

राजस्थान और खनिज का नाम सुनते ही एक ही विचार मस्तिष्क में कौंधता है कि राजस्थान को खनिजों का अजायबघर कहते हैं राजस्थान में खनिजों की क्या स्थिति है कितने प्रकार के खनिज राजस्थान से निकलते हैं कितनी संपदा का भण्डारण है और इसे संबंधित क्या चुनौतियाँ हैं इन बातों का अवलोकन हम इस निबंध में करेंगे।

राजस्थान को खनिजों का अजायबघर कहने का उद्देश्य यहाँ खनिजों की विभिन्न वैरायटी या विविधता से ही राजस्थान में कुल 81 प्रकार के खनिजों का भंडार है जिनमें से 57 प्रकार के खनिजों का उत्खनन वर्तमान में किया जा रहा है।

राजस्थान में खनिज संपदा का ऐतिहासिक अवलोकन

करे तो प्रागैतिहासिक काल में आहड़ (ताम्रवती नगरी) और गणेश्वर का उल्लेख होता है। यहाँ ताम्र गलन उद्योग भी पूर्णतः विकसित था और हड़प्पा, मोहनजोदड़ो जैसी हमारी प्राचीन सभ्यताओं को तांबा गणेश्वर द्वारा ही आपूर्ति की जाती थी इसीलिए गणेश्वर को ताम्रवती सभ्यताओं की जननी कहते हैं।

मध्यकाल में राणा लाखा के समय से 'जावर' चाँदी का खनन प्रारंभ हो गया था।

वर्तमान में राजस्थान वोलस्टोनाइट, सेलेनाइट जैसी खनिजों की भारत में इकलौता उत्पादक है तथा जिप्सम, जस्ता सीसा जैसे खनिजों में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है।

राजस्थान में धात्विक खनिजों में लोहा (जयपुर, दौसा, उदयपुर), तांबा (सीकर, झुंझुनू), अधात्विक खनिजों में जिप्सम (बीकानेर संभाग), अभ्रक भीलवाड़ा, पत्थर खनिजों में विश्वप्रसिद्ध मार्बल (मकराना), ग्रेनाइट व काला सोना कहलाने वाले कच्चे तेल (बाड़मेर-जैसलमेर-बीकानेर) का उत्पादक है।

यद्यपि इस विशाल खनिज संपदा से राज्य को महत्त्वपूर्ण राजस्व की प्राप्ति होती है, इन पर आधारित उद्योग आर्थिक संवृद्धि व रोजगार प्रदाता है लेकिन इनके पर्यावरणीय दुष्प्रभाव भी राजस्थान की स्थानीय जनता को उठाना पड़ा है। वनविनाश, अरावली का खनन, पर्यावरण प्रदूषण के कारण राजस्थान की जैव विविधता

को भी क्षति पहुँची है। हालाँकि सरकारी नीतियों के अनुसार खनन से प्राप्त राजस्व का कुछ भाग खनन उत्पादक क्षेत्रों के निवासियों के कल्याण हेतु खर्च करना आवश्यक है परंतु वस्तुस्थिति कुछ और ही है।

"तुम्हारी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है"
मगर ये बातें झूठी है, ये दावा किताबी है। - अदम गोंडवी

खनन क्षेत्रों के लोगों व मजदूरों को सिलिकोसिस जैसी गंभीर जानलेवा बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त अवैध खनन ने राजस्थान के भंगुर पारितंत्र को नुकसान पहुँचाया है।

उपर्युक्त चुनौतियों के बावजूद राजस्थान की अकूत खनिज संपदा ने राजस्थान में औद्योगिक विकास यथा - रत्न व आभूषण उद्योग, पत्थर उद्योग, उर्वरक उद्योग, सीमेंट उद्योग, पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स तथा आर्थिक संवृद्धि को गति दी है।

राजस्थान की धोरां-री धरती अरब के मरुस्थल के समान अपने भीतर अकूत संपदा को समेटे हुए है लेकिन आवश्यकता है कि इसका उपयोग सतत विकास की अवधारणा के तहत पर्यावरण व संवेदनशील जैव पारितंत्र को नुकसान पहुँचाये बिना, स्थानीय समुदायों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए संपूर्ण राज्य के समावेशी व तीव्र विकास हेतु किया जाए।

5.5(Five½)
(Q.H-56)

Paper-IV



**Unit – II** **(80 Marks)**

**General English**

**Part – A** **Marks : 20**

**Note :** Attempt **all** questions. Each question carries **1** mark.

(A) Identify the error in the following sentences (Q. No. **1-10**) and rewrite the grammatically correct sentences :

1. There is a great deal much than meets the eye. ✗ 0 (Zero) (Q.E-01)

There is a great deal than meets the eye.

2. One of the girl hurt herself climbing out of the window. ✗ 0 (Zero) (Q.E-02)

One of the girl hurt herself by climbing out of the window.

3. Her loud cries woked me up at about midnight. 1(One) (Q.E-03)

Her loud cries woke me up at about midnight

4. He related several details connecting with the accident. ✗ 0 (Zero) (Q.E-04)

He connected several details related with the accident.

5. Although there are some semilarities in the personalities of the twins, the differences among them are considerable. 1(One) (Q.E-05)

Although there are some similiarties in the personalities of the twins, the differences between them are considerable.

6. He used rather harsh words denouncing her, but he can have had some very strong reason for doing it.

0 (Zero) (Q.E-06)

He used rather harsh words denouncing her, but he could have had some very strong reason for it.

7. He was requested to be given her some money.

1(One) (Q.E-07)

He was requested to give her some money.

8. When at last we got to the theatre the play was already begun.

1(One) (Q.E-08)

When at last we got to the theatre the play had alredy begun.

9. Having being taught from childhood to respect his elders he grew up to be humble and gentle.

1(One) (Q.E-09)

Having been taught from childhood to respect his elders he grew up to be humble and gentle.

10. Will you mind waiting a minute ?

Would you mind waiting a minute?

1(One) (Q.E-10)

(B) Choose the word similar in meaning. (Q. No. **11-12**)

11. Heresy :

unorthodox opinion / strong belief

Unorthodox opinion

1(One) (Q.E-11)

12. Iniquity :

grossly unfair / foolishness

foolishness ✗

0 (Zero)
(Q.E-12)

(C) Choose the word opposite in meaning. (Q. No. **13-14**)

13. Apposite :

irrelevant / impertinent

Appocite - Impertinent ✗

0 (Zero)
(Q.E-13)

14. Specious :

trustworthy / plausible

Plausible ✗

0 (Zero)
(Q.E-14)

(D) Rewrite choosing the appropriate expression to form a meaningful sentence. (Q. No. **15-16**)

15. If you have any proof of that allegation, I advice you to lay it before / lay it by the police.

If you have any proof of that allegation,
I advice you to lay it ~~before~~ the police.

1(One)
(Q.E-15)

16. I think we're talking at cross-eyed / cross purposes; that's not what I meant at all.

I think we're talking cross purposes; that's not what I meant at all. 1(One) (Q.E-16)

(E) Selecting the correct phrase/word, rewrite the following sentences : (Q. No. **17-18**)

17. Radiation from the sun is attenuated / extenuated by the earth's atmosphere.

Radiation from the sun is attenuated by the earth's atmosphere. 1(One) (Q.E-17)

18. In the temple incense / insense burned filling the air with fragrant haze.

In the temple incense burned filling the air with fragrant haze. 1(One) (Q.E-18)

(F) Write a one word substitute for the following expressions : (Q. No. **19-20**)

19. A group of people with similar interests, often within a large organisation.

Clique ✗ 0 (Zero) (Q.E-19)

20. A position requiring little or no work but giving the holder status / financial benefits.

Sinecure 1(One) (Q.E-20)

Unit – II / Part – B

Note :- Attempt **all** the questions. Marks of each question are indicated. **Marks : 30**

(A) Read the passage given below and answer the questions that follow : (Q. No. **21-25**)

**Marks : 5 × 2 = 10**

In everyday speech, we talk of having a good memory, of having a poor memory, of having a better memory for faces than for names, of having a memory that is failing, and so on. Such talk suggests that memory is an object, a thing which we possess in the same way as we possess a head or a big toe. Yet it is true, although alarming, to say that there is no such thing as memory. A big toe can be seen and touched, but not so memory. Should an acquaintance boast of having an excellent memory, we cannot confirm his claim in the same way as if he boasted the possession of a well-stocked library. We cannot ask him to show us his memory. What we could do, however, is to let him read the page of a book, then have him close the book and try to recite what he has just read. If he reels off the page verbatim, we conclude that his claim, is, at the least, not without foundation. But we have not observed anything which could be called a memory. We have given him an opportunity to learn something and then to demonstrate how well he remembers it. We have not examined anything which he has, but have watched him doing something, namely, repeating or trying to repeat something he has read. In short, we have concerned ourselves not with an object but with an activity, not with his memory but with his activity of remembering.

21. What is the popular belief about memory ?

The popular belief about memory is that the memory is a animate object ~~to~~ which we possess similar to toe and had.

1(One)
(Q.E-21)

22. What example does the writer give to support the statement that 'there is no such thing as memory' ?

Writer says that if a person says that he has a good memory, we cannot confirm it like the way we could confirm if he had said that he had a well stocked library. Also writer says that the other part of body like toe and had can be touched while the memory cannot be touched.

0.25(Zero¼)
(Q.E-22)

23. How does the writer distinguish between the terms 'memory' and 'remembering' ?

Acc. to writer memory and rembering are different because remembering is a activity while memory is inanimate which cannot be observed while activity of ~~mate~~ remembering is obeervable.

0.25(Zero¼)
(Q.E-23)

24. What is the meaning of the word 'Verbatim' ? (line – 15)

verbatim means remembering something word-by-word.

0 (Zero)
(Q.E-24)

25. Do you agree with the author's distinction between 'memory' and 'remembering' ? Why ?

0.75(Zero¾)
(Q.E-25)

Yes, I agree with the author's distinction because memory is a broad term than remembering and also includes identifying, creating images and other cognitive capabalities.

**Marks**

(B) Translate the following sentences into English : (Q. No. 26-30) **5 × 2 = 10**

26. सामाजिक न्याय एक गूढ़ संकल्पना है जिसमें मूल्यपरक निर्णय अन्तर्वलित हैं ।

Social justice is a deep concept which includes valuebased decision.

1.25(One¼)
(Q.E-26)

27. विकास की त्वरित गति का परिणाम संसाधनों, जैव वैभिन्य आदि का अवक्षय है और इससे ब्रह्माण्डीय अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है।

The result of rapid development is deterioration of resources and bio-diversity and this has caused a threat to the existence of universe.

1.25(One¼) (Q.E-27)

28. वस्तुतः मैं अपनी कलम के माध्यम से सोचता हूँ क्योंकि मेरे मस्तिष्क को तो बहुधा पता ही नहीं होता कि मेरे हाथ क्या लिख रहे हैं।

In real, I think from my pen because my mind often does not know, what my hands are writing.

1(One) (Q.E-28)

29. विचारक एक नक्शा नवीस जैसा होता है, नक्शा नवीस के समान उसका ध्येय भी वस्तुओं के सभी अन्तः–सम्बन्धों का निरूपण करना है।

A thinker is like a cartographer, similar to cartographer his objective is also to depict all the inter-relations of objects.

1.5(One½) (Q.E-29)

30. अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता लोकतांत्रिक और स्वतन्त्र समाज में सबसे महत्वपूर्ण स्वतन्त्रता है क्योंकि यह सभी स्वतन्त्रताओं की आधारशिला है।

Freedom of the expression is the most important freedom in a democratic and independent society because this is a foundation-stone for all other freedoms.

1.5(One½) (Q.E-30)

Marks

(C) Make a précis of the following passage in about one-third of its length : 10

31. Today there are few Indians, whatever their creed, who do not look back with pride on their ancient culture, and there are few intelligent Indians who are not willing to sacrifice some of its effete elements so that India may develop and progress. Politically and economically India faces many problems of great difficulty, and no one can forecast her future with any certainty. But it is safe to predict that, whatever the future may be, the Indians of coming generations will not be unconvincing and self-conscious copies of Europeans, but will be men rooted in their traditions, and aware of the continuity of their culture. Already, after only seven years of independence, the extremes of national self-denigration and fanatical cultural chauvinism are disappearing. We believe that Hindu civilization is in the act of performing its most spectacular feat of synthesis. In the past it has received, adapted and digested elements of many different cultures – Indo-European, Mesopotamian, Iranian, Greek, Roman, Scythian, Turkish, Persian and Arab. With each new influence it has somewhat changed. Now it is well on the way to assimilating the culture of the West.

(200 words)

'Precis'

Most of Indians look back at their cultural history very proudly. India has faced many problems and its future is also cannot be predicted but that will certainly not be copy of Europeans. Indians will definetely remain stick with their roots. Hindu civilization synthesizes different cultures very efficiently. In the past also it has adapted the elements of different cultures like Mesopotamians Greek etc

With each adoption the culture of India has changed and now it is going to absorb the cultural elements of the West also. ...

4.5(Four½)
(Q.E-31)

Unit – II / Part – C

Note :- Attempt **all** questions. Each question carries **10** marks.

**Marks : 30**

**Marks**

32. Write a paragraph on any **one** of the following in approximately **200** words : **10**

(1) Geopolitical Tensions : Implications for Regional Stability

(2) Mass Surveillance and Private Rights

(3) Social Media and Interpersonal Relationships

(2) Mass Surveillance and Private Rights

"Privacy is a myth in this present world".

We are living in the ~~age of~~ 'ICE' - Information, Communication and Entertainment. We are surrounded by the electronic gadgets and are using these gadgets in our daily life. This revolution has made our life better but 'every good thing has some bad impacts also' and one ~~the~~ ~~of~~ the ~~bad~~ effect is loss of private space and 'Private Rights'.

We are in continuous surveillance ~~of~~ of big tech giants who are

tracking our activities, listening our conversations, locating our location. They use this data to decide our choices and give suggestions of doing things which we like to do.

In this present world 'Data is considered new oil' and possesses great value in market. Tech giants are not only using it for themselves but also sell it to other users who may use it for far worse application.

Privacy and Private Rights were declared as fundamental rights by the apex court in Justice Puttaswamy Case.

'Indian government is also trying to store data of indians locally and also brought the act of data protection.

Privacy is necessary for human dignity and we need to protect it by legal and other necessary policy measures.

4.5(Four½)
(Q.E-32)

Marks

33. Elaborate any **one** of the following themes in approximately **150** words : 10

(1) Why work abroad ?

(2) Impact of Artificial Intelligence on Human life

(3) Well begun is Half Done

(1) Why work abroad ?

Many Indians have desire to work in a foreign country and want to settle their parmanently. If we think about the reason behind this we get to know that they want to earn in "dollars" i.e they want to earn more and have a better lifestyle.

But reality is sligthly different from thes imagination. People living abroad are surely earning more but their lifestyle is not much better, when we calculate the income of a person living abroad, we forgot to consider the purchasing - power - parity (PPP).

The cost of living in developed countries is also much higher.

Apart from this a person can earn even

more in India if he does something different. India is a country of 140 crores people, the most populous country in the whole world, so it has the immense potential due to it's large market.

One can simply make a product with keeping mind on his target customers and make a big brand and success of it.

However the enterprenuership quality of Indians is developing in the recent years and we can see that many new unicorn's are emerging in India.

But the brain-drain is still happening at large level and most talented Indians are leaving country to work in foreign developed country.

The Governments need to make a policy to guide these talented minds to work in India for the betterment of the country. It's people and for themselves also.

6(Six)
(Q.E-33)

Marks

34. Write a letter of resignation to your employer justifying your intent. 10

**OR**

Write a report to the Minister, Urban Development Authority, State of Rajasthan, critically evaluating the unplanned urban growth in the State.

**(150 words)**

House Number-111,
Gandhi Marg, Shastri Colony,
Chandigarh.

21st July, 2021.

The Manager, SBI
410, Great Saheed Circle Branch
Vivek Nagar
Chandigarh.

Subject- Regarding my resignation letter.

Dear Sir,
By this letter, I want to submit my resignation from the post of junior manager in the SBI bank.
I have been working in the bank since 2010 and I think I was an hardworking

employee, but now I want to go back to my home town and do some welfare work for the people of my village. The health conditions of my parents are also not very well and they are unwilling to come here in Chandigarh so I want to go and take care of them.

Since I have decided to change my career I want to submit my resignation from the post of Junior Manager in the State Bank of India.

I hope you will understand the reasons behind my leaving the job and will free me soon from my responsibilities.

Thanks.

Yours faithfully,
ABC

4(Four)
(Q.E-34)

deterioration

या

woke - woke

स्वेछि

necessarily

necessarilly

ऋषि

ज्ञानार्थ

विज्ञ

सर्वज्ञ

necessarially

necessary

कोष

कोश

दक्ष

दध

similiar
sen

H जन्मजात

आनुवांशिक

Hereditary

वंश

बाल-वृद्ध

वत्स